# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–24 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज देश भर के मेडिकल कॉलेजों, स्नातकोत्तर संस्थानों और सरकारी अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के तीसरे चरण को स्वीकृति दी गयी है। इसके अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के मद्देनजर 5,023 एमबीबीएस सीटें बढ़ाई जाएंगी। इस कदम से स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे सरकारी संस्थानों में नए क्षेत्र में चिकित्सा विशेषज्ञता सेवा शुरू करने में मदद मिलेगी। इससे देश में डॉक्टरों की समग्र उपलब्धता बढ़ेगी। वहीं एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने दस लाख इक्यानबे हजार से अधिक रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के प्रोडक्टिविटी–लिंक्ड बोनस देने को भी स्वीकृति प्रदान की।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में प्रदेश की औद्योगिक, कृषि, सांस्कृतिक और नवाचार क्षमताओं का भव्य प्रदर्शन होगा।

इस संबंध में आज पत्रकारों से बात करते हुए कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि ट्रेड शो में 10 लाख से ज्यादा लोगों के आने उम्मीद है। पिछले आठ सालों में डबल इंजन सरकार ने समयबद्धता, अनुकूल नीति और स्टेक होल्डर के साथ उनके हितों की रक्षा और एक्सपोर्ट को एक नई ऊंचाई और आयाम दिए। आठ सालों में उत्तर प्रदेश में निर्यात में दो गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई है।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस ने राज्य के सभी पुलिस थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित करने के लिए विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए हैं। यह पहल राज्य सरकार के प्रमुख मिशन शक्ति अभियान का हिस्सा है जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। डीजीपी राजीव कृष्ण द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, मिशन शक्ति केंद्र मिनी पुलिस चौकियों की तरह काम करेंगे, जो विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित मामलों को संभालने के लिए समर्पित होंगे। उधर, जौनपुर में आज मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा दल द्वारा विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और बाजारों में चौपाल लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार के बाद लखनऊ के हजरतगंज मार्केट में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जीएसटी रिफॉर्म से संबंधित प्रचार सामग्री और बैनर वितरित करने के साथ दुकानदारों और ग्राहकों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक थे, हर तबके का व्यक्ति इसका स्वागत कर रहा है।

**********

वस्तु और सेवा कर – जीएसटी में लागू किए गए अगली पीढ़ी के सुधार, देश में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। नए ढांचे के अंतर्गत चार–स्तरीय कर संरचना को सरल बनाकर अब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया गया है। एक रिपोर्ट–

**अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने आम आदमी की जेब खर्च को कम करने के लिए खाद्य उत्पादों पर महत्वपूर्ण कर कटौती की है। मध्यम और निम्न–मध्यम वर्ग के परिवारों को प्रत्यक्ष बचत प्रदान करने के लिए, सरकार ने तैयार और संरक्षित सब्जियों पर कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इसी प्रकार, प्रसंस्कृत फल उत्पादों पर भी जीएसटी की दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इस कदम का उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देना, निर्यात को बढ़ावा देना और लागत कम करके किसानों और उपभोक्ताओं को लाभान्वित करना है। रोहन के साथ आदित्य प्रताप सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम बता रहे हैं कि मोदी सरकार भारत एआई मिशन के माध्यम से देश को भविष्य के लिए कैसे तैयार कर रही है। एक रिपोर्ट–

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि एआई की क्रांति के माध्यम से आमजन की जीवनचर्या और सोचने समझने के नजरिये में बदलाव आया है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले साल मार्च में दस हजार तीन सौ करोड रूपये की लागत वाले इंडिया एआई मिशन को मजूरी दी थी। भारत, एआई के विकास और इस तकनीक को अपनाने वाले अग्रणी देशों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस अभियान का उद्देश्य एआई को भारत के लिए उपयोगी बनाना है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से मैं, मुकेश कुमार बल।**

**********

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन आज प्रदेश भर के शक्तिपीठ और दुर्गा मंदिरों में मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। भोर से ही श्रद्धालु मंदिरों में जाकर सर्वमंगल की कामना कर रहे हैं। इस क्रम में वाराणसी के चौक चित्रघंटा गली स्थित भगवती मंदिर में दर्शन पूजन और अयोध्या के रामकोट की परिक्रमा में श्रद्धालु दूर–दूर से पहुंच रहे हैं।

**********